कुप्रबंधन | राहगीरों के लिए बच रही केवल पांच मीटर सड़क, प्रतिदिन हो रहीं हैं दुर्घटनाएं

सड़क के दोनों तरफ पेट्रोल-डीजल के टैंकर से लग रहा जाम

शहपुरा, भिटोनी, नवभारत। शहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बायपास रोड और गोटेगांव नरसिंहपुर होशंगाबाद होते हुए भोपाल रोड पर तेल के टैंकर पार्किंग किए जाने से हमेशा खतरे की स्थिति बनी रहती है। कई बार लंबा जाम भी लग जाता है जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बताया जाता है कि रोड पर हिंदुस्तान और भारत पेट्रोलियम के टैंकर सड़क के दोनों पटरी पर पार्क कर दिए जाते हैं। यही स्थिति इंडियन ऑयल के टैंकरों की बनी हुई है।

क्रासिंग के दौरान बन जाती है जाम की स्थिति

बताया जाता है कि यहां तेल भराई का इंतजार करते हुए सड़कों पर टैंकर चालक अपने टैंकर खड़े कर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं, आलम यह है कि 400 से 500 मीटर की सड़क के दोनों तरफ रोज सैकड़ों टैंकर खड़े होने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है जिससे दिन में कई बार इन टैंकरों के बीच में बड़े वाहनों की क्रॉसिंग के दौरान जाम की स्थिति बन रही है, इसके बाद भी टैंकर सड़क से नहीं हटवाएं जा रहे हैं।

इंडियन ऑयल गेट के पास दुर्घटना का खतरा

शहपुरा मुख्य मार्ग पर राहगीरों को प्रतिदिन जाम और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या रोड पर इंडियन ऑयल गेट के समीप सड़क किनारे खड़े टैंकरों के कारण उत्पन्न होती है जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

कंपनी के पास नहीं है पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था

बताया जाता है कि इंडियन ऑयल, भारत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के डिपो में प्रतिदिन सैकड़ों टैंकर तेल भरने के लिए आते हैं। इन कंपनियों के पास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण टैंकर चालक मुख्य सड़कों पर ही वाहन खड़े कर देते हैं। इसके परिणाम स्वरूप न केवल यातायात बाधित होता है, राहगीरों ने इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

कई लोग गंवा चुके हैं जान

यहां तेल भराई के इंतजार में सड़कों पर टैंकर चालक अपने टैंकर खड़े कर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। बहुत से लोग इन टैंकरों की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में जान तक गवां चुके हैं लेकिन इनको सड़क से हटाने और कार्रवाई करने की कोई सक्षम अधिकारी जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। इस संबंध में शहपुरा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि इनका समय-समय पर चालान करने के अलावा सड़क पर टैंकर खड़ा न करने की हिदायत दी जाती है।

वन भूमि पर काबिजों को हटाने का आरोप

▸ पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

सिहोरा, नवभारत। सिहोरा तहसील के ग्राम पंचायत अगरिया पोस्ट टिकरिया के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को आवेदन सौंपकर अधिकारियों व वन विभाग के कर्मचारियों पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से जंगल की जमीन पर खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें वहां से हटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

आवेदन के अनुसार, अधिकांश ग्रामीण मजदूर एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से हैं, जिनके पास रहने व खाने का कोई स्थायी साधन नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि वे लगभग 15 वर्षों से उक्त भूमि पर खेती कर रहे हैं, लेकिन हाल के समय में वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा उन्हें

डराया-धमकाया जा रहा है और जमीन खाली करने की चेतावनी दी जा रही है।

तो खड़ा हो जाएगा रोजी-रोटी का संकट

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें जमीन से बेदखल करने की कोशिश की जा रही है, जिससे वे बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि अगर उन्हें वहां से हटाया गया तो उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए और किसी भी प्रकार की अन्यायपूर्ण कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। साथ ही उन्होंने छोटे बच्चों और परिवार की स्थिति को देखते हुए मानवीय आधार पर राहत देने की अपील की है। दिए गए आवेदन में कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी शामिल हैं, जिन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। मांग करने वालों में अमोल चौरसिया, आलोक पांडे, कांग्रेस मंडलम से सुभाष यादव, राजकुमार विरहा और लगभग पचास से अधिक ग्रामीण जन मौजूद रहे।

एक नजर में

प्रताप सिंह पटेल का निधन

पनागर। शिवाजी वार्ड शिवमन्दिर पास निवासी श्री प्रताप सिंह पटेल का 68 वर्ष आयु में निधन हो गया आप सतीश पटेल,अनिल पटेल, आशीष पटेल के पिताजी रहे अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड पड़ाव स्थित शमशान घाट में किया गया।

सृजन मिश्रा बिट्टू का निधन

पनागर। शिवाजी वार्ड निवासी श्री रामकुमार मिश्रा (रामू) के सुपुत्र श्री सृजन मिश्रा बिट्टू का 28 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप श्याम कुमार मिश्रा (श्यामू)के भतीजे रहे, अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड स्थित शमशान घाट में किया गया।

सांदीपनी विद्यालय नरिया का लोकार्पण आज

डिंडौरी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग की राज्यमंत्री व डिंडौरी जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी आज डिंडौरी जिले के प्रवास पर होंगी। जारी अधिकृत दौरा कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 11:30 बजे सांदीपनी विद्यालय, नरिया परिसर में नवनिर्मित सांदीपनी विद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

बाइक चलाकर जांचा गया स्प्लेंडर प्लस का माइलेज

नवभारत, कटंगी जबलपुर। हीरो मोटोकॉर्प स्पेलेंडर प्लस बाईक का माइलेज जांच किया गया जिसमें ग्राहको को शामिल किया गया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कटंगी के मेनेजर अनुज कुमार, फील्ड आफिसर ललित आर्य, श्याम सुंदर यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर माइलेज को परखने 40 किमी की दूरी में तय करने के बाद मात्र 350 ग्राम पेट्रोल ही लगा। दुपहिया पेट्रोल वाहनों में नंबर एक कंपनी भारतीय कंपनी है। यह कंपनी के लिए फक्र की बात है। पेट्रोल के दाम बढ़ाने के बाद ञ्च 20 गाड़ियों में अच्छा

एवरेज मिला जो 100 के पार कर गया। सभी ग्राहको का तिलक लगाकर उनका अभिवादन कर स्वागत किया गया। सन्मति हीरो एजेंसी कटंगी के संचालक विनय जैन के द्वारा सभी ग्राहको का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

मुझको कुछ करने दो पापा : रचना पर श्रोताओं ने किया उत्साहवर्धन

▸ वर्षा ने मंच पर बिखेरे शब्दों के जादू, बनीं उभरती हुई कवियत्री

शहपुरा, भिटोनी, नवभारत। शब्दों में जब जज़्बा और सच का अहसास मिलता है, तो वो कला बन जाती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है शहपुरा भिटौनी के छोटे से गांव खैरी इमलिया की रहने वाली 18 वर्षीय बेटी वर्षा वैदेही लोधी ने। तमाम सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के बीच, एक छोटे से गाँव से निकलकर वर्षा वैदेही लोधी ने एक बेहतरीन कवयित्री के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वे अपनी कविताओं में सामाजिक मुद्दों को उठाती हैं। उनके पास सामाजिक समस्याओं को कविता रुपी शब्दों में पिरोकर समाज के समक्ष रखने की कला

है। जब वे मंच पर सामाजिक समस्याओं को काव्यशैली में प्रस्तुत करती हैं, निश्चित ही सबका ध्यान उन सामाजिक समस्याओं पर केन्द्रित होता है। साहित्य के प्रति उनके इसी जुनून ने उन्हें नरसिंहपुर के त्रिमूर्ति क्लब के महाकवि सम्मेलन तक पहुँचाया है। हाल ही में त्रिमूर्ति क्लब के महाकवि सम्मेलन में जब उन्होंने अपनी रचना ' 'मुझको कुछ करने दो पापा' का काव्य पाठ किया, तो वहाँ मौजूद सभी श्रोताओं ने उनका उत्साहवर्धन किया। एवं त्रिमूर्ति क्लब के संस्थापक डॉ. शंकर सहर्ष ने उनको अपना आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें अपनी संस्था के सम्मान पत्र से सम्मानित किया। आज वर्षा वैदेही लोधी न सिर्फ अपने गाँव और ज़िले का नाम रोशन कर रही हैं, बल्कि उन हज़ारों लड़कियों के लिए एक मिसाल बन चुकी हैं जो छोटे शहरों में रहकर बड़े सपने देखती हैं। उनका मानना है कि 'अगर आपके पास प्रतिभा और मेहनत करने की लगन है, तो कोई भी परिस्थिति आपके सपनों को रोक नहीं सकती।' आने वाले समय में, वे अपनी कविताओं का संग्रह, सयुंक्त परिवार और आदिवासी समाज पुस्तक प्रकाशित करना चाहती हैं।

फसल विविधीकरण को लेकर किया जा रहा प्रोत्साहित

▸ किसानों को बांटे उन्नत किस्म के बीज

बेलखाड़ू, नवभारत। कृषि विभाग द्वारा हितग्राही मूलक योजना के अंतर्गत दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने एवं किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम बरौदा सहित अन्य ग्रामों में अरहर प्रदर्शन हेतु उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया गया।

इस मौके पर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्नत तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन लेने के बारे में कृषकों को विशेष जानकारी दी गई।

धान की जगह दलहन एवं तिलहन का क्षेत्र बढ़ाएं-कार्यक्रम में अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रतिभा गौर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पनागर पंकज शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विस्तार अधिकारी ब्रजभान अहिरवार तथा मोनिका झा द्वारा ग्राम छतरपुर के कृषक धनीराम साहू सहित अन्य पात्र किसानों को अरहर प्रदर्शन के लिए बीज प्रदान किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान फसल विविधीकरण को अपनाएं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान (पैडी) का रकबा आवश्यकतानुसार कम करते हुए दलहन एवं तिलहन फसलों का क्षेत्र बढ़ाएं। इससे मिट्टी की उर्वराशक्ति में सुधार होगा, उत्पादन लागत में कमी आएगी। कार्यक्रम में किसानों को अरहर की वैज्ञानिक खेती, उन्नत बीजों के उपयोग, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं फसल संरक्षण संबंधी तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई। कृषि विभाग ने किसानों से विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर एवं लाभकारी खेती करने का आग्रह किया।

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

शहपुरा। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, धमनगांव की प्रभारी प्राचार्य अल्का विश्वकर्मा ने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 26-27 के लिए कक्षा 6वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का डिंडौरी जिले के किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से सत्र 25-26 में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक विद्यार्थी 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र विद्यालय कार्यालय से कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा नवोदय विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं अथवा विद्यालय की वेवसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

ब्यौहारी स्टेशन पर विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

जबलपुर। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जबलपुर मंडल के ब्यौहारी रेलवे स्टेशन पर विद्यालय स्तरीय चित्रकला, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय रेल, स्टेशन पुनर्विकास, स्वच्छता, विरासत संरक्षण और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों से जोड़ते हुए उनकी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था।

विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला, लेखन और वक्तृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों ने रेलवे के विकास, स्वच्छ एवं सुरक्षित रेल परिसर तथा राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

बच्चों ने अपने विचारों से किया प्रभावित

चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों के माध्यम से आधुनिक रेलवे और विकसित भारत की कल्पना को साकार किया, जबकि निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने तार्किक और रचनात्मक विचारों से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों और रेलवे अधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें ऐसे आयोजनों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय रेल के विकास कार्यों और अमृत भारत स्टेशन योजना की अवधारणा से परिचित कराना है। यह आयोजन न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है, बल्कि उनमें सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है।

यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं, स्टेशन का बदलेगा स्वरूप



जबलपुर। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल स्थित अशोकनगर रेलवे स्टेशन का लगभग 22 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आधुनिक स्वरूप में पुनर्विकास किया गया है। सम्राट अशोक के नाम से जुड़े इस ऐतिहासिक स्टेशन को अब बेहतर यात्री सुविधाओं, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आकर्षक डिजाइन के साथ विकसित किया गया है।

योजना के तहत सर्कुलेटिंग एरिया का उन्नयन, नई पार्किंग, पोर्च, मुख्य स्टेशन भवन एवं प्लेटफॉर्म का अपग्रेडेशन तथा नए प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण किया गया है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा अनुभव मिलेगा।

यात्रियों की संख्या में हुई वृद्धि

अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर पिछले एक दशक में यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। वर्तमान में एनएसजी-5 श्रेणी के इस स्टेशन पर तीन प्लेटफॉर्म हैं और प्रतिदिन 50 से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है। रोजाना औसतन 6 हजार से अधिक यात्री यहां से यात्रा करते हैं। बढ़ती यात्री संख्या और पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए स्टेशन का आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया गया है। यात्रियों के लिए नए प्रतीक्षालय, बुकिंग काउंटर, कॉन्कोर्स एरिया, मानक साइनेज, फुट ओवर ब्रिज, रैंप और लिफ्ट जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

कला एवं संस्कृति को दी गई अहमियत

स्टेशन को दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के लिए लो-हाइट टिकट खिड़की और टैक्टाइल पाथ जैसी विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में स्थानीय कला एवं संस्कृति को भी प्रमुखता दी गई है, जिससे यह क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी दर्शाता है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित अशोकनगर रेलवे स्टेशन अब आधुनिक भारत की नई तस्वीर के रूप में उभरकर सामने आया है, जो बेहतर रेल संपर्क, क्षेत्रीय विकास और पर्यटन को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

साईकिल पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

▸ पालकों ने कहा-अब बच्चों को शाला जाना होगा आसान

नवभारत, बेलखाड़ू। शासकीय हाई स्कूल बरौदा जनपद पंचायत पनागर में कक्षा नवमी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मध्यप्रदेश शासन की हितकारी निति एवं छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र मैं रुचि कर बनाने हेतु निःशुल्क साइकिल का वितरण विद्यालय प्राचार्य श्री अनिल कुमार पटेल की अध्यक्षता और जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल के मुख्य आथित्य, जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष रेखा राजेंद्र पटेल एवं सरपंच ग्राम पंचायत बरौदा रिंकी कमल चढ़ार समाजसेवी उमाशंकर पटेल के विशिष्ट आथित्य मैं एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं अनीता पैगवार, मीरा ठाकुर, वर्षा जाट, अशफाक उमर, पूजा पटेल की उपस्थिति में 30 साइकिलों का वितरण किया गया जिसमें 13 बालिकाएं और 17 बालक लाभान्वित हुए।

साईकिल के प्राप्त होते ही पालकों ने कहा कि अब बच्चों के लिए शाला आना-जाना आसान हो गया है। साईकिल प्राप्त होते ही छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

अगवानी | पनागर में भव्य मंगल चातुर्मासिक आगवानी के साथ हुई घर-घर हुई आरती एवं पादप्रक्षालन

कपट पूर्ण किए गए व्यवहार से प्रेम छिन जाता है : निर्दोष सागर

पनागर, नवभारत। नगर में इस वर्ष आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के उपकार और आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के आशीर्वाद से मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज ससंघ पंच ऋषिराजों का भव्य मंगल प्रवेश पनागर नगर में हुआ। मुनि श्री प्रातः 5.30 पर शिवनगर से विहार करके सुभाष नगर कालोनी महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड पहुंचे यहां जैन समाज द्वारा भव्य अगवानी की गई, तत्पश्चात गुरुवर ने महाराजपुर स्थित मंदिर जी मैं विराजमान भगवानश्री के दर्शन किए जहां उनकी आहारचर्या संपन्न हुई। इसके पश्चात दोपहर सामयिक के बाद उनका मंगलमय विहार पनागर नगर की ओर हुआ।

आपके साथ हजारों भक्तजन पुरुष महिला युवा वर्ग बच्चियों बिहार में साथ में चल रहे थे, पूरे नगर में मुनि संघ की उत्साह पूर्वक

मंगलमय आगवानी की गई। नगर में घर-घर पूज्य मुनि संघ की आरती उतारते हुए भक्त जनों ने पाद प्रक्षालन किया।

पूज्य मुनि श्री ने पनागर बड़े मंदिर पहुंचकर सभी जिनालयों के दर्शन पश्चात एक विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए महाराज जी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि पूर्व भव में किए गए कर्म का हिसाब इस भव में चुकाना पड़ता है संसारी प्राणी ने जो भी बोया है वह उसे ही काटना पड़ेगा कपट पूर्ण किए गए व्यवहार से प्रेम छिन जाता है अधिक व्यस्तता के कारण मुस्कान चली जाती है अधिक संग्रह करने से समता छिन जाती हैं मनुष्य गलत कर्म करते हुए ,पाप कमाते हुए तो घबराते नहीं है लेकिन उन कर्मों के परिणाम काटने में अपने भाग्य को दोष देता है पूर्व जन्म में किए गए गलत कर्म तो उसके भाग्य में आएंगे ही उसे उसका भुगतान करना पड़ेगा

इस मौके पर श्री जैन प्रबंधकारिणी सभा के अध्यक्ष राजेश कटंगा मंत्री अभिनंदन चौधरी एवं समस्त कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ जनों ने पूज्य मुनि संघ को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। प्रतिदिन प्रातः 8:15 बजे बड़े जैन श्री शांतिनाथ मंदिर प्रांगण में पूज्य मुनि संघ के मांगलिक प्रवचन होंगे तत्पश्चात 10:00 बजे श्री नेमिनाथ जिनालय बाजार मंदिर से मुनि संघ श्री की आहारचार्य होगी जैन समाज पनागर ने सभी धर्म प्रेमियों से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।